भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4829
सोमवार, 23 मार्च, 2020/3 चैत्र, 1942 (शक)

गुजरात में रोजगार कार्यालय

4829. डॉ॰ भारतीबेन डी॰ श्यालः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान तथा चालू वर्ष में गुजरात के रोजगार कार्यालयों में कुल कितने व्यक्ति पंजीकृत हुए;

(ख) इन रोजगार कार्यालयों के माध्यम से कितने युवाओं को रोजगार दिया गया;

(ग) क्या सरकार को रोजगार कार्यालयों में अनियमितताओं के संबंध में कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क एवं ख): राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार, गुजरात में रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टर पर पंजीकृत रोजगार चाहने वालों, जिसमें यह आवश्यक नहीं कि सभी बेरोजगार हों, की संख्या तथा इन रोजगार कार्यालयों के माध्यम से उपलब्ध सीमा तक नियोजित व्यक्तियों की संख्या निम्नानुसार दी गई हैः

गुजरात में चालू रजिस्टर पर पंजीकृत रोजगार चाहने वाले तथा रोजगार कार्यालय के माध्यम से नियोजन (लाख में)		
वर्ष (दिसम्बर अंत)	चालू रजिस्टर पर पंजीकृत रोजगार चाहने वाले	नियोजन
2014	**7.40**	**2.91**
2015	**6.77**	**3.37**
2016	**5.98**	**3.30**
2017	**5.32**	**3.95**

(ग) : जी नहीं।

(घ): प्रश्न ही नहीं उठता।

*****